संख्या-80/2016/2647ई-2/तेरह-2016-101/2015टी0सी0

प्रेषक,

विनोद कुमार तिवारी,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

महोदय,

आबकारी आयुक्त,
उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

आबकारी अनुभाग-2 लखनऊ::दिनांक 16 दिसम्बर,2016

विषय:-वर्तमान सुरक्षा होलोग्राम आपूर्तक का कार्यकाल बढाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-जी-168/दस-लाइसेंस-294/होलोग्राम आपूर्ति/यूफ्लैक्स लि0/2015-16, दिनांक 07 दिसम्बर,2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि आपके उक्त पत्र दिनांक 07 दिसम्बर,2016 में किये गये अनुरोध एवं प्रस्ताव पर सम्यक् विचारोपरान्त शासनादेश संख्या-843 ई-2/तेरह-2013-233/2000, दिनांक 15-5-2013, शासनादेश संख्या-35/2016/1236 ई-2/तेरह-2016-101/2015टी0सी0, दिनांक 15-6-2016 तथा शासनादेश संख्या-56/2016/2041 ई-2/तेरह-2016-101/2015टी0सी0, दिनांक 16 सितम्बर,2016 के क्रम में सुरक्षा होलोग्राम की आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने हेतु राजस्वहित में वर्तमान सुरक्षा होलोग्राम आपूर्तक मेसर्स यूफ्लैक्स लि0, ए-1, सेक्टर-60, नोएडा, गौतमबुद्धनगर का कार्यकाल टेण्डर एवं अनुबंध पत्र में निर्धारित शर्तों, प्रतिबन्धों एवं दरों पर दि0 17-12-2016 से आगामी तीन माह अर्थात् दिनांक 16-03-2017 तक अथवा नये होलोग्राम आपूर्तक के चयन की कार्यवाही पूर्ण होने तक, जो भी पहले हो, बढाये जाने की एतद्वारा अनुमति प्रदान की जाती है।

कृपया नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,
(विनोद कुमार तिवारी)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।